


# Chapter 6
# गैसीय अवस्था

पदार्थ की वह अवस्था जिसमें अणुओं के मध्य आकर्षण बहुत नगण्य होता है, **गैसीय अवस्था** कहलाती है। यह सबसे सरल अवस्था है जो कि व्यवहार में बहुत अधिक एकरूपता प्रदर्शित करती है।

## गैसों के गुण (Characteristics of gases)

(1) गैसें और उनके मिश्रण संघटन में समांगी होते हैं।

(2) गैसों का घनत्व बहुत कम और उनके अणुओं के मध्य अन्तर आण्विक बल नगण्य है।

(3) गैसों की प्रसार सीमा अनन्त और सम्पीड्यता (compressibility) उच्च होती है।

(4) गैसें दबाव उत्पन्न करती हैं।

(5) गैसों की विसरणशीलता सर्वाधिक होती है।

(6) गैसों की निश्चित आकृति व आयतन नहीं होता, जैसा कि द्रवों में होता है।

(7) गैस के अणु अव्यवस्थित तरीके से सभी सम्भव दिशाओं में तेजी से गति करते हैं क्योंकि उनकी गतिज ऊर्जा अधिकतम होती है।

(8) गैसों के अणु एक दूसरे के साथ संघट्ट (collision) करते हैं और पात्र की दीवार पर भी *प्रत्यास्थ संघट्ट* (elastic collision) प्रदर्शित करते हैं।

(9) गैसों को द्रवीकृत किया जा सकता है यदि गैसों को उच्च दाब और निम्न ताप (क्रान्तिक ताप से नीचे) पर रखें ।

(10) गैसों की ऊष्मीय ऊर्जा >> आण्विक आकर्षण

(11) गैसें ताप और दाब में परिवर्तन के साथ समान रूप से परिवर्तित होती हैं। दूसरे शब्दों में गैसें कुछ नियमों का पालन करती हैं जिन्हें **गैस नियम** कहते हैं ।

## गैसों के मापनीय गुण (Measurable properties of gases)

(1) गैसों के गुणों के आधार पर, गैसों के मापन योग्य गुणों को चार पैमानों में बाँटा गया है :

(i) गैस का आयतन, $V$,

(ii) गैस का दाब, $P$

(iii) गैस का ताप, $T$

(iv) गैस का परिमाण (अर्थात् द्रव्यमान या मोलों की संख्या)

(2) **आयतन** (Volume) **:** (i) गैसों को जितना आयतन या जगह उपलब्ध होती है, उस पूरी जगह में वे फैल जाती हैं। अतः उनका आयतन वही होता है जो उस पात्र का है जिसमें वे रखी हैं।

(ii) आयतन को लीटर ($L$), मिलीलीटर ($mL$) या घन सेन्टीमीटर ($cm^3$) या घनमीटर ($m^3$) में प्रदर्शित करते हैं।

(iii) $1$ ली. $= 1000$ मि.ली. ; $1$ मि.ली. $= 10^{-3}$ ली ;

$1$ ली $= 1$ डेसी मी.$^3 = 10^3$ सेमी.$^3$

$1$ मी.$^3 = 10^3$ डेसी मी.$^3 = 10^6$ सेमी$^3 = 10^6$ मिलीलीटर $= 10^3$ ली.

(3) **द्रव्यमान** (mass) **:** (i) गैस के द्रव्यमान का निर्धारण उस पात्र को तोलकर किया जा सकता है जिसमें गैस भरी गयी है। गैस को निकालकर उस पात्र का पुनः भार लिया जाता है, भरे पात्र के भार में से खाली पात्र का भार घटाकर गैस का द्रव्यमान ज्ञात करते हैं।

(ii) गैस का द्रव्यमान, मोलों की संख्या से सम्बन्धित होता है

$$\text{गैस के मोल } (n) = \frac{\text{ग्रामों में द्रव्यमान}}{\text{आण्विक द्रव्यमान}} = \frac{m}{M}$$

(iii) गैस के द्रव्यमान को ग्राम या किलोग्राम में व्यक्त किया जाता है।

$1$ किलोग्राम $= 10^3$ ग्राम

(4) **ताप** (temperature) **:** (i) गैसें ताप बढ़ने पर फैलती हैं, यदि ताप को दुगुना बढ़ाया जाये तो गैसों के वेग का वर्ग भी ($v^2$) दो गुना बढ़ जाता है।

(ii) ताप को सेन्टीग्रेड़ ($^oC$) या सेल्सियस डिग्री में थर्मामीटर द्वारा नापा जाता है । ताप को फारेनहाइट ($F$) पैमाने द्वारा भी नापा जा सकता है।

(iii) ताप की S.I. इकाई केल्विन ($K$) या परम शून्य होती है।

$$K = {}^oC + 273$$

(iv) $F$ और $^oC$ में निम्न सम्बन्ध होता है $\dfrac{^oC}{5} = \dfrac{^oF - 32}{9}$

(5) **दाब** (Pressure) : (i) गैस का दाब, पात्र की दीवारों पर प्रति इकाई क्षेत्रफल पर गैस द्वारा आरोपित बल के बराबर होता है, जो कि सभी दिशाओं में लगता है। अतः दाब

$$(P) = \frac{\text{बल}(F)}{\text{क्षेत्रफल}(A)} = \frac{\text{द्रव्यमान } (m) \times \text{त्वरण } (a)}{\text{क्षेत्रफल } (a)}$$

(ii) गैस द्वारा उत्पन्न दाब उनकी गतिज ऊर्जा ($KE = \frac{1}{2}mv^2$) के कारण होता है जैसे-जैसे ताप बढ़ाया जाता है गैस के अणुओं की गतिज ऊर्जा बढ़ती जाती हैं । अतः ***गैस का दाब (P) ∝ ताप (T)***

(iii) एक शुद्ध गैस के दाब को मेनोमीटर द्वारा नापा जाता है, जबकि गैसों के मिश्रण का दाब बेरोमीटर द्वारा नापा जाता है ।

(iv) सामान्यतः दो तरह के मेनोमीटर उपयोग में लाये जाते हैं,

(a) खुले सिरों वाला मेनोमीटर : जब गैस का दाब, वायुमण्डलीय दाब से अधिक होता है।

(b) बन्द सिरों वाला मेनोमीटर : जब गैस का दाब, वायुमण्डलीय दाब से कम होता है।

(v) दाब की S.I. इकाई *पॉस्कल* (*Pa*) होती है यह एक न्यूटन प्रति वर्गमीटर द्वारा प्रदर्शित की जाती है। यह दाब की बहुत छोटी इकाई है ।

$$1 Pa = 1 Nm^{-2} = 1 kg\, m^{-1} s^{-2}$$

(vi) **दाब की C.G.S. इकाई डाईन सेमी$^{-2}$ होती है।**

(vii) दाब की M.K.S. इकाई $kgf/m^2$ है । इकाई $kgf/cm^2$ को कभी-कभी *ata* (atmosphere technical absolute) द्वारा भी प्रदर्शित करते हैं।

(viii) दाब की बड़ी इकाई बार (*bar*), *KPa* या *MPa* हैं।

$1\, bar = 10^5 Pa = 10^5\, Nm^{-2} = 100\, KNm^{-2} = 100\, KPa$

=1.013 atm

(ix) दाब की अनेकों अन्य इकाईयाँ हैं

| नाम | संकेत | मान |
|---|---|---|
| बार | बार | $1 bar = 10^5 Pa$ |
| वायुमण्डल | *atm* | $1\, atm = 1.01325 \times 10^5\, Pa$ |
| टॉर | टॉर | $1\, Torr = \frac{101325}{760} Pa = 133.322\, Pa$ |
| पारा स्तम्भ की mm में लम्बाई | mm *Hg* | $1\, mm\, Hg = 133.322\, Pa$ |

(x) वह दाब जो वायुमण्डल से सम्बन्धित होता है, गॉग दाब कहलाता है । वह दाब जो पूर्णतः निर्वात् से सम्बन्धित होता है, परम दाब कहलाता है।

परम दाब = गैस दाब + वायुमण्डलीय दाब

(xi) जब तन्त्र का दाब वायुमण्डलीय दाब से कम होता है तो गैस दाब (gauge) ऋणात्मक होता है, किन्तु यह वास्तव में (vacuum ) निर्वात् कहलाता है ।

उदाहरण के लिये 16 *cm* निर्वात् = $\frac{76-16}{76} \times 1.013 = 0.80$ बार होता है।

(xii) यदि कॉलम में द्रव की ऊँचाई '*h*' है या मेनोमीटर की दोनों भुजाओं में कॉलम के द्रवों की ऊँचाईयों में '*h*' अन्तर है, *d* द्रव का घनत्व ($Hg = 13.6 \times 10^3\, Kg/m^3 = 13.6\, g/cm^3$) और *g* गुरुत्वीय त्वरण है तो दाब को इस प्रकार लिखते हैं, $P_{gas} = P_{atm} + hdg$

(xiii) निम्न सारणी में दिये गये अवस्थाओं के दो सेट मानक मान की तरह आँकड़ों को ज्ञात करने में उपयोग में आते हैं।

| अवस्था | T | P | $V$ (मोलर आयतन) |
|---|---|---|---|
| S.T.P./N.T.P. | 273.15 *K* | 1 *atm* | 22.414 *L* |
| S.A.T.P. | 298.15 *K* | 1 *bar* | 24.800 *L* |

* **व्यापक मानक (Standard Ambient) ताप और दाब हैं।**

## बॉयल का नियम (Boyle's law)

(1) सन् 1662, में **रॉबर्ट बॉयल** (Robert Boyle) ने सर्वप्रथम गैस के (*P, T, V*) में अनेक सम्बन्ध दिये ।

(2) इसके अनुसार, *"स्थिर ताप पर गैस की निश्चित मात्रा के लिये गैस का आयतन, गैस के दाब के व्युत्क्रमानुपाती होता है ।"*

अतः, $P \propto 1/V$ स्थिर ताप और गैस की निश्चित मात्रा पर

या $P = K/V$ (जहाँ *K* नियतांक है)

या $PV = K$ या $P_1V_1 = P_2V_2 = K$ (दो या अधिक गैसों के लिये)

(3) **बॉयल नियम का ग्राफीय निरूपण :** स्थिर ताप पर *P* और *V* के मध्य समतापीय ग्राफ ***आइसोथर्म*** कहलाता है और यह समपार्श्वीय (या आयताकार) या अतिपरवलयाकार (Hyperbola) होता है, *P* और $1/V$ के बीच ग्राफ खींचने पर अतिपरवलयाकार ग्राफ सरल रेखा में बदल जाता है। अन्य आइसोथर्म नीचे प्रदर्शित किये गये हैं,




(4) स्थिर ताप पर निश्चित द्रव्यमान वाली गैस का घनत्व दाब के समानुपाती और इसके आयतन के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

अतः, $d \propto P \propto \frac{1}{V}$ $\left[\because \text{आयतन } V = \frac{\text{द्रव्यमान(m)}}{\text{घनत्व } (d)}\right]$

या $\frac{d_1}{d_2} = \frac{P_1}{P_2} = \frac{V_2}{V_1} = \ldots\ldots = K$

(5) ऊँचाई पर हवा का दाब और घनत्व कम होते हैं। इसी कारण पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन का सिलेण्डर ले जाते हैं।

## चार्ल्स का नियम (Charle's law)

(1) ताप के साथ आयतन में परिवर्तन को सर्वप्रथम फ्रेन्च वैज्ञानिक **जैक्स चार्ल्स ने** 1787 में अध्ययन किया।

(2) इसके अनुसार, *"स्थिर दाब पर परम तापक्रम* ($= {}^oC + 273$) *गैस के निश्चित मात्रा के आयतन के समानुपाती होता है ।"*

अतः, स्थिर दाब और गैस की निश्चित मात्रा पर $V \propto T$

या $V = KT = K(^{o}C + 273.15)$ , (जहाँ $k$ नियतांक है),

$K = \frac{V}{T}$ या $\frac{V_1}{T_1} = \frac{V_2}{T_2} = K$ (दो या अधिक गैसों के लिये)

(3) यदि $t = 0^{o}C$ , तब $V = V_0$

अतः, $V_0 = K \times 273.15$

$\therefore K = \frac{V_0}{273.15}$

$$V = \frac{V_0}{273.15}[t + 273.15] = V_0\left[1 + \frac{t}{273.15}\right] = V_0[1 + \alpha_v t]$$

जहाँ $\alpha_v$ आयतन गुणांक है,

$$\alpha_v = \frac{V - V_0}{tV_0} = \frac{1}{273.15} = 3.661 \times 10^{-3}\ {^{o}C^{-1}}$$

अतः ताप में प्रत्येक $1^{o}$ के परिवर्तन पर, आयतन में गैस के $0^{o}C$ वाले आयतन के $\frac{1}{273.15}\left(\approx \frac{1}{273}\right)$ भाग के बराबर परिवर्तन होता है।

(4) **चार्ल्स नियम का ग्राफीय निरूपण :** स्थिर दाब पर $V$ और $T$ के मध्य ग्राफ (आइसोबार या आइसोप्लेस्टिक्स) समदाबीय होता है यह हमेशा सरल रेखा में आता है । $V$ और $t(^{o}C)$ के मध्य, स्थिर दाब पर $-273.15^{o}C$ पर और तापीय अक्ष पर सीधी कटी हुई रेखा के रूप में ग्राफ प्राप्त होता है यह निम्नतम् सम्भव तापक्रम होता है।







(5) स्थिर दाब पर निश्चित मात्रा की गैस का घनत्व परमतापक्रम के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

अतः, $d \propto \frac{1}{T} \propto \frac{1}{V}$ $\left[\because \text{आयतन } V = \frac{\text{द्रव्यमान(m)}}{\text{घनत्व }(d)}\right]$

या $\frac{d_1}{d_2} = \frac{T_2}{T_1} = \frac{V_2}{V_1} = ...... = K$

(6) खेलों और अन्तरिक्ष अन्वेषणों में हवा के गर्म गुब्बारे का उपयोग भी चार्ल्स नियम का ही एक अनुप्रयोग है।

## गै–लुसैक का नियम (एमोण्टन का नियम)
## (Gay-Lussac's law (Amonton's law))

(1) 1802 में, फ्रेन्च रसायनज्ञ **जोसेफ गै-लुसैक** ने ताप के साथ दाब में परिवर्तन का अध्ययन किया और चार्ल्स नियम का विस्तार किया। अतः इसे चार्ल्स-गैलुसैक नियम भी कहते हैं।

(2) इसके अनुसार, *"गैस की दी गयी मात्रा का दाब स्थिर आयतन पर परम तापक्रम* $(= {^{o}C} + 273)$ *के समानुपाती होता है"*

अतः स्थिर आयतन पर और मात्रा पर, $P \propto T$

या $P = KT = K(t^{o}C + 273.15)$ (जहाँ $K$ नियतांक है)

$K = \frac{P}{T}$ या $\frac{P_1}{T_1} = \frac{P_2}{T_2} = K$ (दो या अधिक गैसों के लिये)

(3) यदि $t = 0^{o}C$ , तब $P = P_0$

अतः, $P_0 = K \times 273.15$

$\therefore$ $K = \frac{P_0}{273.15}$

$$P = \frac{P_0}{273.15}[t + 273.15] = P_0\left[1 + \frac{t}{273.15}\right] = P_0[1 + \alpha t]$$

जहाँ $\alpha_P$ दाब गुणांक है,

$$\alpha_P = \frac{P - P_0}{tP_0} = \frac{1}{273.15} = 3.661 \times 10^{-3}\ {^{o}C^{-1}}$$

अतः ताप में प्रति $1^{o}$ के परिवर्तन पर, दाब में $0^{o}C$ वाली गैस के $\frac{1}{273.15}\left(\approx \frac{1}{273}\right)$ वे भाग के बराबर परिवर्तन होता है।

(4) यह नियम निम्न तापक्रम पर सही परिणाम नहीं देता क्योंकि गैस के अणुओं का सार्थक आयतन होता है ।

(5) **गै–लुसैक नियम का ग्राफीय निरूपण :** स्थिर आयतन पर $P$ तथा $T$ के मध्य ग्राफ (आइसोकोर) **समआयतनी वक्र** कहलाता है और यह सरल रेखा में आता है।







## ऐवोगेड्रो नियम (Avogadro's law)

(1) इस नियम के अनुसार, *"समान ताप और दाब पर समान आयतन की कोई दो गैसों में अणुओं की संख्या समान होती है"*

अतः (स्थिर $T$ और $P$ पर), $V \propto n$

या $V = Kn$ (जहाँ $K$ एक नियतांक है)

या $\frac{V_1}{n_1} = \frac{V_2}{n_2} = ....... = K$

उदाहरण, $2H_2(g) + O_2(g) \longrightarrow 2H_2O(g)$

| $2H_2(g)$ | $O_2(g)$ | $2H_2O(g)$ |
|---|---|---|
| 2 मोल | 1 मोल | 2 मोल |
| 2 आयतन | 1 आयतन | 2 आयतन |
| 2 लीटर | 1 लीटर | 2 लीटर |
| 1 लीटर | 1 / 2 लीटर | 1 लीटर |
| 1$n$ लीटर | 1 / 2$n$ लीटर | 1$n$ लीटर |

(2) किसी गैस के 1 मोल में अणुओं की समान संख्या (ऐवोगैड्रो संख्या $= 6.02 \times 10^{23}$) और दिये गये ताप व दाब पर आयतन समान होता है। एक मोल गैस का आयतन ***मोलर आयतन $V_m$*** कहलाता है जो कि S.T.P. या N.T.P. पर 22.4 लीटर मोल$^{-1}$ होता है।

(3) इस नियम को इस प्रकार भी लिख सकते हैं कि "दिये गये ताप व दाब पर गैस का मोलर आयतन एक विशिष्ट नियतांक के बराबर होता है, जो कि गैस की प्रकृति से स्वतन्त्र होता है।"

अतः $V_m =$ विशिष्ट नियतांक $= 22.4$ ली. मोल$^{-1}$ S.T.P. और N.T.P.

## आदर्श गैस समीकरण (Ideal gas equation)

(1) गैस नियम आयतन का दाब से, ताप से और गैस की मात्रा से सम्बन्ध बताता है, जो कि निम्न प्रकार है:

**बॉयल के नियम से** : $P \propto \frac{1}{V}$ या $V \propto \frac{1}{P}$ (स्थिर $n$ और $T$ पर)

**चार्ल्स के नियम से** : $V \propto T$ ($n$ और $P$ स्थिर है)

**ऐवोगेड्रो नियम से**: $V \propto n$ ($T$ और $P$ स्थिर है)

सभी नियमों को मिलाने पर,

$$V \propto \frac{nT}{P}$$

या $$V = \frac{nRT}{P}$$ ($R =$ आदर्श गैस स्थिरांक)

या $$PV = nRT$$

यह समीकरण **आदर्श गैस समीकरण** कहलाता है । $R$ **आदर्श गैस नियतांक** है । इस समीकरण का समतापीय और रुद्धोष्म प्रक्रमों द्वारा पालन किया जाता है।

(2) ***R* का मान और प्रकृति :** आदर्श गैस समीकरण से $R = \frac{PV}{nT} = \frac{\text{दाब} \times \text{आयतन}}{\text{मोल} \times \text{ताप}}$

$$= \frac{\frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} \times \text{आयतन}}{\text{मोल} \times \text{ताप}} = \frac{\text{बल} \times \text{लम्बाई}}{\text{मोल} \times \text{ताप}} = \frac{\text{कार्य या ऊर्जा}}{\text{मोल} \times \text{ताप}}$$

$R$ को कार्य या ऊर्जा $mol^{-1} K^{-1}$ **इकाई द्वारा प्रदर्शित किया जाता है**

$R$ के भिन्न-भिन्न मान निम्नलिखित है :

$R = 0.0821\ L\,atm$ मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

$= 8.3143$ जूल मोल$^{-1}$ $K^{-1}$ (S.I. इकाई)

$= 8.3143\ Nm$ मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

$= 8.3143\ KPa\,dm^3$ मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

$= 8.3143\ MPa$ सेमी$^3$ मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

$= 5.189 \times 10^{19}\ eV$ मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

$= 1.99$ कैलोरी मोल$^{-1}$ $K^{-1}$

(3) एक अणु के लिये गैस नियतांक $R$ का मान ***वोल्ट्जमेन नियतांक*** ($k$) कहलाता है।

$k = \frac{R}{N} = \frac{8.314 \times 10^7}{6.023 \times 10^{23}}$ अर्ग मोल$^{-1}$ डिग्री$^{-1}$

$= 1.38 \times 10^{-16}$ अर्ग मोल$^{-1}$ डिग्री$^{-1}$

या $1.38 \times 10^{-23}$ जूल मोल$^{-1}$ डिग्री$^{-1}$

(4) **गैस समीकरण द्वारा गैस के द्रव्यमान, आण्विक भार, और घनत्व की गणना**

$$PV = nRT = \frac{m}{M}RT \quad \left(\because n = \frac{\text{गैस की मात्रा } (m)}{\text{गैस का आण्विक भार } (M)}\right)$$

$$\therefore \quad M = \frac{mRT}{PV}$$

$$d = \frac{PM}{RT} \quad \left(\because d = \frac{m}{V}\right)$$

या $\frac{dT}{P} = \frac{M}{R}$, $\frac{M}{R} =$ नियतांक

चूँकि $M$ तथा $R$ गैस के लिये स्थिर हैं

अतः, $\frac{dT}{P}$ या $\frac{d_1T_1}{P_1} = \frac{d_2T_2}{T_2} =$ नियतांक

(दो या अधिक भिन्न ताप एवं दाब के लिये)

(5) गैसों का घनत्व उनके ठोसों और द्रवों के घनत्व से अलग होता है।

(i) गैस का घनत्व सामान्यतः ग्राम/सेमी$^3$ के बजाय ग्राम/लीटर में लेते हैं।

(ii) गैस का घनत्व, दाब और ताप पर निर्भर करता है, $d \propto P \propto 1/T$

द्रवों और ठोसों का घनत्व, ताप पर निर्भर करता है किन्तु यह दाब पर अधिक निर्भर नहीं करता है।

(iii) गैस का घनत्व इसके आण्विक द्रव्यमान के समानुपाती होता है द्रवों और ठोसों के लिये इनके घनत्व और आण्विक द्रव्यमान में कोई सामान्य सम्बन्ध नहीं होता है।

(iv) STP पर गैस का घनत्व $= \frac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{22.4}$

$d(N_2)$ STP पर $= \frac{28}{22.4} = 1.25$ ग्राम लीटर$^{-1}$

$d(O_2)$ STP पर $= \frac{32}{22.4} = 1.43$ ग्राम लीटर$^{-1}$

## डॉल्टन का आंशिक दाब का नियम (Dalton's law of partial pressure)

(1) इसके अनुसार, *"जब दो या अधिक गैसें जो कि आपस में क्रिया नहीं करती को एक बन्द पात्र में रखते हैं, तो मिश्रण द्वारा उत्पन्न कुल दाब उनके स्वयं के पृथक-पृथक आंशिक दाबों के योग के बराबर होता है।"*

अतः, $P_{\text{कुल}} = P_1 + P_2 + P_3 + .........$

जहाँ $P_1, P_2, P_3, ......$ क्रमशः अलग अलग गैसों के आंशिक दाब हैं

(2) ***आंशिक दाब*** केवल एक गैस का दाब है जबकि वह उसी पात्र में उसी ताप पर है।

गैस का आंशिक दाब,

$$(P_1) = \frac{\text{गैस के मोलों की संख्या } (n_1) \times P_{\text{कुल}}}{\text{मिश्रण में उपस्थित कुल अणुओं की संख्या}} = \text{मोल प्रभाज } (X_1) \times P_{\text{कुल}}$$

(3) $P_1, P_2, P_3........$ दाब पर यदि गैसों का आयतन $V_1, V_2, V_3......$ हैं और इन्हें जब $V$ आयतन वाले पात्र में मिलाते हैं, तब

$$P_{\text{कुल}} = \frac{P_1V_1 + P_2V_2 + P_3V_3.....}{V}$$

या $= (n_1 + n_2 + n_3.....)\frac{RT}{V}$ $\quad (\because PV = nRT)$

या $= n\frac{RT}{V}$ $\quad (\because n = n_1 + n_2 + n_3.....)$

(4) **अनुप्रयोग :** यह नियम निम्न सम्बन्धों की गणना के लिये उपयोग होता है,

(i) गैसीय मिश्रण में गैस का मोल-प्रभाज $(X_1)$ $= \frac{\text{गैस का आंशिक दाब}(P_1)}{P_{\text{कुल}}}$

(ii) मिश्रण में गैस का प्रतिशत $= \frac{\text{गैस का आंशिक दाब}(P_1)}{P_{\text{कुल}}} \times 100$

(iii) शुष्क गैस का दाब जो कि जल पर एकत्रित होती है : जब गैस को जल पर एकत्रित किया जाता है तो यह आर्द्र होती है क्योंकि **जल वाष्प गैस के समान ताप पर आंशिक दाब उत्पन्न करती है।** जल वाष्प के इस आंशिक दाब को जलीय तनाव कहते हैं,

$P_{\text{शुष्क गैस}} = P_{\text{नम गैस}}$ या $P_{\text{कुल}} - P_{\text{जल वाष्प}}$

या $P_{\text{शुष्क गैस}} = P_{\text{नम गैस}} -$ जलीय तनाव (जलीय तनाव परम तापक्रम के सीधे समानुपाती होता है)

(iv) आपेक्षिक नमी या आर्द्रता (*RH*) को दिये गये ताप पर निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात करते हैं,

$$RH = \frac{\text{वायु में जल का आंशिक दाब}}{\text{जल का वाष्प दाब}}$$

(5) **सीमायें :** यह नियम केवल तभी लागू होता है जब गैसीय अवयव एक दूसरे के साथ क्रिया नहीं करते । उदाहरण के लिये, $N_2$ और $O_2$, $CO$ और $CO_2$, $N_2$ और $Cl_2$, $CO$ और $N_2$ आदि। किन्तु यह नियम उन गैसों के लिए लागू नहीं होता है, जो कि रासायनिक रूप से संयोग करती हैं । जैसें $H_2$ और $Cl_2$, $CO$ और $Cl_2$, $NH_3$, $HBr$ तथा $HCl$, $NO$ तथा $O_2$ आदि।

(6) एक अन्य नियम जो कि आंशिक दाबों के नियम के बिल्कुल समान है और गैसों के आंशिक आयतन से सम्बन्धित है, गैसों के आंशिक आयतन का नियम कहलाता है, इसे अमेगेट (Amagat) ने दिया, इस नियम के अनुसार, *"जब दो या अधिक गैसें जो कि रासायनिक रूप से क्रिया नहीं करती, एक बन्द पात्र में उपस्थित होती हैं तो गैसों के मिश्रण का कुल आयतन पृथक पृथक गैसों के आंशिक आयतनों के योग के बराबर होता है"*

अतः, $V_{\text{कुल}} = V_1 + V_2 + V_3 + ......$

जहाँ $V_1, V_2, V_3, ......$ पृथक-पृथक गैसों के आंशिक आयतन हैं।

## ग्राह्म का विसरण और निःसरण नियम (Graham's law of diffusion and Effusion)

(1) **विसरण** गैसों के स्वतः फैलने और आपस में मिलने की एक प्रक्रिया है, जिसके फलस्वरूप गैसों का समांगी मिश्रण प्राप्त होता है। जबकि **निःसरण** गैस के अणुओं की महीन छिद्र के द्वारा विसरण की प्रक्रिया है।

- सभी गैसें स्वतः एक दूसरे के साथ विसरित होने का गुण रखती हैं, जबकि उन्हें एक दूसरे के सम्पर्क में लाया जाये।
- निर्वात् में विसरण अन्य किसी स्थान की तुलना में अधिक तेजी से होता है।
- गैस के विसरण और निःसरण दोनों की दर गैस की आण्विक मात्रा पर निर्भर करती है। हल्की गैसें भारी गैसों की अपेक्षा अधिक तेजी से विसरित होती हैं। हाइड्रोजन गैस के विसरण की दर अधिकतम है।

(2) इस नियम के अनुसार, "स्थिर ताप और दाब पर विसरण या निःसरण की दर वाष्प घनत्व के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती होती है"

अतः विसरण की दर $(r) \propto \frac{1}{\sqrt{d}}$ ($T$ और $P$ स्थिर है)

स्थिर ताप व दाब पर दो या दो से अधिक गैसों के लिये,

$$\frac{r_1}{r_2} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}}$$

(3) ग्राह्म का नियम निम्न अवस्थाओं में बदल सकते हैं,

(i) चूँकि, 2 × वाष्प घनत्व (V.D.) = आण्विक भार

तब, $\frac{r_1}{r_2} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}} = \sqrt{\frac{d_2 \times 2}{d_1 \times 2}} = \sqrt{\frac{M_2}{M_1}}$

जहाँ, $M_1$ और $M_2$ दो गैसों के आण्विक भार हैं।

(ii) चूँकि, विसरण की दर $(r) = \frac{\text{विसरित गैस का आयतन}}{\text{विसरण में लगा समय}}$

तब, $\frac{r_1}{r_2} = \frac{V_1/t_1}{V_2/t_2} = \frac{w_1/t_1}{w_2/t_2} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}}$

(a) जब समान आयतन की दो गैसें विसरित होती हैं अर्थात् $V_1 = V_2$

तब, $\frac{r_1}{r_2} = \frac{t_2}{t_1} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}}$

(b) जब समान समय में दो गैसों के आयतन विसरित होते हैं तब, $t_1 = t_2$

तब, $\frac{r_1}{r_2} = \frac{V_1}{V_2} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}}$

(iii) चूँकि, $r \propto p$ (जब $p$ स्थिर नहीं है)

तब, $\frac{r_1}{r_2} = \frac{P_1}{P_2}\sqrt{\frac{M_2}{M_1}}$ $\left(\because r \propto \frac{P}{\sqrt{M}}\right)$

(4) विसरण की दर और निःसरण की दर निम्न प्रकार से निर्धारित की जा सकती है,

(i) प्रति इकाई समय में गैस द्वारा तय की गयी दूरी विसरण की दर के बराबर होती है, जबकि गैस समान अनुप्रस्थ क्षेत्रफल वाली ट्यूब से गुजारी जाती है।

(ii) प्रति इकाई समय में निःसरित होने वाले अणुओं की संख्या विसरण की दर होती है।

(iii) प्रति इकाई समय में सिलिण्डर (cylinder) के दाब में कमी गैस की निःसरण की दर कहलाती है।

(iv) प्रति इकाई समय में दी हुई सतह द्वारा निःसरित गैस का आयतन भी निःसरण की दर कहलाता है।

(5) **अनुप्रयोग :** ग्राह्म के नियम का उपयोग निम्नलिखित रूप से करते हैं:

(i) गैसों के वाष्प घनत्व और आण्विक भार निर्धारित करने में ।

(ii) ऑसेल्स (Ausell's) मार्श गैस सूचक बनाने में जो कि खदानों में उपयोग होता है।

(iii) ***एटमोलाइसिस* :** दो गैसों की अलग अलग विसरण की दर के आधार पर,उनका पृथक्करण क्योंकि उनके घनत्व में अन्तर होता है, एटमोलाइसिस कहलाता है। इसका उपयोग समस्थानिकों के पृथक्करण और गैसीय मिश्रण से गैसों को पृथक करने हेतु उपयोग में आता है।

## गैसों का अणुगति सिद्धान्त (Kinetic theory of gases)

(1) इस सिद्धान्त को बरनौली, जूल, क्लॉसियस, मैक्सवेल और बोल्ट्जमैन आदि वैज्ञानिकों ने दिया और बताया कि सभी गैसें *गतिशील अणुओं या सूक्ष्मदर्शी प्रतिरूप* की बनी होती हैं, चूँकि गैसों के अणुओं को देखा नहीं जा सकता है। अतः गैसों के इस प्रतिरूप को सूक्ष्मदर्शी प्रतिरूप कहा जाता हैं ।

(2) **अभिगृहीत** (Postulates)

(i) प्रत्येक गैस सूक्ष्म कणों से मिलकर बनी होती है जिन्हें अणु कहा जाता है। यह अणु सभी सम्भव दिशाओं में अति उच्च वेग से सभी संभव दिशाओं में घूमते रहते हैं।

(ii) स्वतन्त्र अणु का आयतन गैस के कुल आयतन की तुलना में नगण्य होता है।

(iii) गैस के अणु पूर्णतः *प्रत्यास्थ* होते हैं अतः इनके संघट्ट के दौरान इनकी गतिज ऊर्जा का ह्रास नहीं होता है।

(iv) गैस के अणुओं की गति पर गुरूत्वाकर्षण का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(v) गैस के अणुओं में स्थितिज ऊर्जा नहीं होती है इसलिये गैस के अणुओं के मध्य आकर्षण या प्रतिकर्षण बल नगण्य होता है।

(vi) गैस का दाब, पात्र की दीवार पर अणुओं के सतत् टकराने के कारण उत्पन्न होता है।

(vii) स्थिर ताप पर सभी गैसों की औसत गतिज ऊर्जा समान होती है।

(viii) गैस के अणुओं की औसत गतिज ऊर्जा परम तापक्रम के समानुपाती होती है।

(3) **अणु गति समीकरण** (Kinetic gas equation) **:** उपरोक्त अभिगृहीतों के आधार पर निम्नलिखित गैस समीकरण प्राप्त होता है,

$$PV = \frac{1}{3} mnu_{rms}^2$$

जहाँ, $P$ = गैस द्वारा उत्पन्न दाब,

$V$ = गैस का आयतन

$m$ = प्रत्येक अणु का औसत द्रव्यमान

$n$ = अणुओं की संख्या

$u$ = गैस के अणुओं का वर्गमाध्य मूल वेग (*RMS*) है।

(4) **गतिज ऊर्जा की गणना** (Calculation of kinetic energy)

हम जानते हैं कि,

एक अणु की गतिज ऊर्जा $= \frac{1}{2} mu^2$

$n$ अणुओं की गतिज ऊर्जा,

$$= \frac{1}{2} mnu^2 = \frac{3}{2} PV \quad (\because PV = \frac{1}{3} mnu^2)$$

जबकि 1 मोल गैस की गतिज ऊर्जा $= \frac{3}{2} RT$

$(\because PV = RT)$

$$= \frac{3}{2} \times 8.314 \times T = 12.47\, T \text{ जूल}$$

$$= \frac{\text{प्रति मोल औसत गतिज ऊर्जा}}{N(\text{ऐवोगेड्रो संख्या})} = \frac{3}{2}\frac{RT}{N} = \frac{3}{2} KT$$

$$\left(K = \frac{R}{N} = \text{बोल्टजमैन स्थिरांक}\right)$$

यह समीकरण प्रदर्शित करता है कि गैसों की रूपान्तरित गतिज ऊर्जा परम तापक्रम पर निर्भर करती है जो कि ***मैक्सवेल के नियम*** पर आधारित है अतः औसत, K.E. $\propto$ *T*.

यदि $T = 0K$ (अर्थात्, $-273.15^o C$) तब औसत K.E. = 0. अतः *परमताप वह तापक्रम है जिस पर आण्विक गति रूक जाती है।*

## आण्विक संघट्ट (Molecular collisions)

(1) संघट्ट में भाग लेने वाले दो अणुओं के केन्द्रों के मध्य की दूरी अणुओं की ***संघट्ट दूरी*** (*collision diameter*) कहलाती है यह दूरी लगभग सभी गैसों में समान होती है और $10^{-8}$ सेमी की कोटि की होती है। इसे ($\sigma$) से प्रदर्शित करते हैं।




आण्विक व्यास

(2) प्रति इकाई समय में प्रति इकाई आयतन के अणुओं में संघट्टों की संख्या ***संघट्ट आवृत्ति*** ($z$) कहलाती है।

(i) प्रति इकाई समय में एक अणु की दूसरे अणु से संघट्टों की संख्या निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात की जाती है, $Z_A = \sqrt{2}\pi\sigma^2 u_{av.} n$

जहाँ $n$ प्रति इकाई आण्विक आयतन में अणुओं की संख्या हैं

$$n = \frac{\text{एवोगेड्रों संख्या } (N_0)}{V_m} = \frac{6.02 \times 10^{23}}{0.0224} \text{ मीटर}^{-3}$$

(ii) प्रति इकाई समय में द्वि-आण्विक संघट्ट संख्या,

$$Z_{AA} = \frac{1}{\sqrt{2}} \pi\sigma^2 u_{av.} n^2$$

(iii) यदि दो असमान अणुओं में संघट्ट होता है तो द्वि-आण्विक संघट्ट संख्या को निम्न प्रकार से लिख सकते हैं,

$$Z_{AB} = \sigma_{AB}^2 \left[ 8\pi RT \frac{(M_A + M_B)}{M_A M_B} \right]^{1/2}$$

जहाँ, $\sigma_{AB} = \frac{\sigma_A + \sigma_B}{2}$

तथा $M_A$, $M_B$ आण्विक भार हैं $(M = mN_0)$

(iv) (a) निश्चित तापक्रम पर ; $Z \propto p^2$

(b) निश्चित दाब पर; $Z \propto T^{-3/2}$

(c) निश्चित आयतन पर; $Z \propto T^{1/2}$

(3) आण्विक संघट्ट के दौरान, अणु दिशा परिवर्तन से पहले एक निश्चित दूरी तय करता है तो दो लगातार संघट्टों के मध्य गैस के अणुओं की औसत दूरी **औसत मुक्त पथ** (mean free path) *(λ)* कहलाती है।

$$\lambda = \frac{\text{प्रति इकाई समय में चली गई औसत दूरी } (u_{avr})}{\text{एकल अणु द्वारा प्रति इकाई समय में होने वाली संघट्टों की संख्या } (Z_A)}$$

$$= \frac{u_{avr}}{\sqrt{2}\pi\sigma^2 u_{avr.} n} = \frac{1}{\sqrt{2}\pi n\sigma^2}$$

(4) गैसों के अणुगति सिद्धान्त के आधार पर गैसों का औसत मुक्त पथ $\lambda \propto \frac{T}{P}$. अतः,

(i) अणु का आकार बढ़ने पर औसत मुक्त पथ कम होता जायेगा अर्थात्, $\lambda \propto \frac{1}{(\text{त्रिज्या})^2}$

(ii) प्रति इकाई आयतन में अणुओं की संख्या बढ़ने पर औसत मुक्त पथ का मान कम हो जाता है ।

(iii) ताप बढ़ने पर, औसत मुक्तपथ अधिक होता है ।

(iv) दाब बढ़ने पर, औसत मुक्त पथ का मान कम हो जाता है ।

(5) संघट्य की आवृत्ति (*Z*) और औसत मुक्त पथ के मध्य ($\lambda$) सम्बन्ध इस तरह है, $Z = \frac{u_{rms}}{\lambda}$

## आण्विक गति या वेग (Molecular speeds or velocities)

(1) किसी निश्चित समय पर, गैस के दिये गये नमूने में सभी अणु एक समान वेग नहीं रखते, क्योंकि पात्र की दीवार पर अणु एक दूसरे के साथ लगातार संघट्ट करते हैं। ये अणु परिवर्तित वेगों से सभी सम्भव (परिवर्तित) दिशाओं में गमन करते हैं।

(2) मैक्सवेल के अनुसार, एक निश्चित ताप पर वेगों का वितरण स्थिर रहता है और यह वितरण ***मैक्सवेल बोल्ट्जमैन*** के अनुसार निम्न सम्बन्ध को स्पष्ट करता है,

$$\frac{dn_0}{n} = 4\pi\left(\frac{M}{2\pi RT}\right)^{3/2} .e^{-Mu^2/2RT}.u^2 dc$$

जहाँ, $dn_0 =$ कुल अणुओं $n$ में से उन अणुओं की संख्या है जिनका वेग $c$ और $c + dc$ के मध्य होता है, $dn_0/n =$ कुल अणुओं का प्रभाज हैं, $M$ = आण्विक भार, $T$ = परमताप $e^{-Mu^2/2RT}$ बीजगणितीय मान है जो बोल्टजमैन कारक (गुणांक) कहलाता है।

(3) मैक्सवेल ने $CO_2$ के लिये अलग अलग तापक्रम पर एक वितरण वक्र दिया । जिसके मुख्य गुण निम्न प्रकार से हैं :

(i) बहुत उच्च और बहुत निम्न गति के अणुओं का प्रभाज (Fraction of molecules) बहुत कम होता है।

(ii) किसी भी अणु का वेग शून्य नहीं होता है।

(iii) प्रारम्भ में वेग में वृद्धि के साथ साथ अणुओं का प्रभाज बढ़ता है और वक्र का शिखर (Peak) बिन्दु देता है। जो अधिक संभावित वेग वाला बिन्दु होता है। इसके बाद वेग में वृद्धि होने पर बिन्दु अणुओं के प्रभाज का मान घटने लगता है।




(4) आण्विक गति या वेग के प्रकार

(i) ***वेग का वर्ग माध्य मूल मान*** *(Root mean square velocity)* $(u)$ : यह एक ही गैस के अणुओं के वेगों के वर्ग के औसत का वर्गमूल होता है

$$u_{rms} = \sqrt{\frac{u_1^2 + u_2^2 + u_3^2 + .....u_n^2}{n}}$$

$$u_{rms} = \sqrt{\frac{3PV}{(mN_0) = M}} = \sqrt{\frac{3RT}{(mN_0) = M}} = \sqrt{\frac{3RT}{M}} = \sqrt{\frac{3kT}{m}} = \sqrt{\frac{3P}{d}}$$

जहाँ $k = \frac{R}{N_0}$ = बोल्ट्जमैन नियतांक

(a) समान गैस का अलग-अलग तापक्रम पर *RMS* वेगों का अनुपात होगा, $\frac{u_1}{u_2} = \sqrt{\frac{T_1}{T_2}}$

(b) समान तापक्रम पर दो अलग-अलग गैसों के लिये *RMS* वेगों का अनुपात होगा, $\frac{u_1}{u_2} = \sqrt{\frac{M_2}{M_1}}$

(c) किसी भी तापक्रम $t^oC$ पर *RMS* वेग, S.T.P. पर इसके मान से इस तरह सम्बन्धित होता है, $u_t = \sqrt{\frac{3P(273+t)}{273d}}$.

(ii) ***औसत वेग*** *(Average velocity)* $(v_{av})$ : यह अणुओं के भिन्न-भिन्न वेगों का औसत होता है।

$$v_{av} = \frac{v_1 + v_2 + v_3 + ......v_n}{n};\ v_{av} = \sqrt{\frac{8RT}{\pi M}} = \sqrt{\frac{8kT}{\pi m}}$$

1 अणु गैस के लिए

(iii) ***अधिकतम प्रायिक वेग*** *(Most probable velocity)* $(\alpha_{mp})$ : यह दिये गये तापक्रम पर वह वेग है जिस वेग वाले अणुओं की संख्या अधिकतम हो,

$$\alpha_{mp} = \sqrt{\frac{2RT}{M}} = \sqrt{\frac{2PV}{M}} = \sqrt{\frac{2P}{d}}$$

(5) आण्विक गतियों या वेगों के मध्य सम्बन्ध

(i) $u_{rms}$ और $v_{av}$ के मध्य सम्बन्ध : $v_{av} = 0.9213 \times u_{rms}$ या $u_{rms} = 1.085 \times v_{av}$

(ii) $\alpha_{mp}$ और $u_{rms}$ के मध्य सम्बन्ध : $\alpha_{mp} = 0.816 \times u_{rms}$ या $u_{rms} = 1.224 \times \alpha_{mp}$

(iii) $\alpha_{mp}$ और $v_{av}$ के मध्य सम्बन्ध : $v_{av} = 1.128 \times \alpha_{mp}$

(iv) $\alpha_{mp}$, $v_{av}$ और $u_{rms}$ के मध्य सम्बन्ध

| $\alpha_{mp}$ | : | $v_{av}$ | : | $u_{rms}$ |
|---|---|---|---|---|
| $\sqrt{\frac{2RT}{M}}$ | : | $\sqrt{\frac{8RT}{\pi M}}$ | : | $\sqrt{\frac{3RT}{M}}$ |
| $\sqrt{2}$ | : | $\sqrt{\frac{8}{\pi}}$ | : | $\sqrt{3}$ |
| 1.414 | : | 1.595 | : | 1.732 |
| 1 | : | 1.128 | : | 1.224 *i.e.,* $\alpha_{mp} < v_{av} < u_{rms}$ |

## वास्तविक और आदर्श गैसें (Real and Ideal gases)

(1) गैसें जो गैस नियमों या आदर्श गैस समीकरण $(PV = nRT)$ का सभी ताप और दाब पर पालन करती हैं आदर्श या पूर्ण गैसें कहलाती हैं। सामान्यतः लगभग सभी गैसें आदर्श गैस व्यवहार से विचलन प्रदर्शित करती हैं, कोई भी गैस आदर्श या पूर्ण नहीं है। अतः यह गैसें केवल सैद्धान्तिक हैं।

(2) ताप जैसें-जैसें बढ़ता जाता है या गैसों के क्वथनांक से ऊपर या उनके द्रवीकरण अवस्था से गुजरता है और दाब घटता जाता है वैसे-वैसे गैसें आदर्श गैस व्यवहार को अधिक से अधिक प्रदर्शित करने लगती है। अतः "***वास्तविक गैसें***" वह गैसें है जो उच्च ताप और निम्न दाब की अवस्था में गैस नियमों या आदर्श गैस समीकरण का पालन करती हैं ।"

(3) *P-V* समतापीय (*P-V* isotherms) वक्र खींचने पर वास्तविक और आदर्श गैसों के मध्य ग्राफ निम्न प्रकार से प्रदर्शित होता है।




(4) आदर्श गैस व्यवहार से वास्तविक गैसों के विचलन को *P-V* समतापीय वक्र द्वारा मात्रात्मक रूप से निर्धारित करना बहुत कठिन है,

*P-V* समतापी वक्र चित्र में प्रदर्शित किया जा चुका है, सम्पीड्यता गुणांक $Z$ को निम्न समीकरण द्वारा ज्ञात किया जा सकता है। $PV = ZnRT$ या $Z = PV/nRT = PV_m/RT$

यह आदर्श गैस व्यवहार से विचलन को, मात्रात्मक रूप से समझाने का उचित तरीका है।

(5) $Z$ के मान में इकाई (unity) से कमी जितनी अधिक होगी गैस का आदर्श व्यवहार से विचलन उतना ही अधिक होता है इसलिये, जब,

(i) $Z = 1$, होता है तब गैस सभी ताप और दाब पर आदर्श होती है, $N_2$ में $Z$ का मान $50^o C$ पर 1 के अति निकट होता है, यह वह तापक्रम है जिस पर वास्तविक गैस आदर्श व्यवहार को प्रदर्शित करती है इसे ***बॉयल तापक्रम या बॉयल पॉइन्ट या बिन्दु*** $(T_B)$ कहते हैं।

(ii) $Z > 1$ तब गैस आदर्श व्यवहार की तुलना में कम संपीडित होती है और यह अक्सर उच्च दाब पर धनात्मक विचलन प्रदर्शित करती हैं $PV > RT$ ।

(iii) $Z < 1$, तब गैस आदर्श व्यवहार की तुलना में अधिक संपीडित होती है और यह निम्न दाब पर ऋणात्मक विचलन प्रदर्शित करती हैं $PV < RT$.

(iv) $Z > 1$ हाइड्रोजन के लिये सभी दाबों पर, यह हमेशा धनात्मक विचलन प्रदर्शित करती है।

(v) आसानी से द्रवीकृत होने वाली और उच्च घुलनशील गैसें $(NH_3, SO_2)$ आदर्श व्यवहार से अधिक विचलन को प्रदर्शित करती हैं इनके लिये $Z << 1$ होता है।

(vi) कुछ गैसें जैसे $CO_2$ धनात्मक और ऋणात्मक दोनों विचलन प्रदर्शित करती है।

(6) **वास्तविक गैसों का आदर्श व्यवहार से विचलन का कारण :** आदर्श गैस नियमों को गैसों के अणुगति सिद्धान्त द्वारा ज्ञात किया जा सकता है, जो कि दो महत्वपूर्ण तथ्यों पर आधारित होती है,

(i) अणुओं द्वारा घेरा गया आयतन गैस के कुल आयतन की तुलना में नगण्य होता है।

(ii) अणुओं में परस्पर कोई आकर्षण बल नहीं होता है। इन दोनों में से किसी भी तथ्य के न होने पर गैस आदर्श व्यवहार से विचलन प्रदर्शित करने लगती है।

## वाण्डर वाल्स समीकरण (Vander Waal's equation)

(1) वाण्डर वाल्स ने अन्तर आण्विक आकर्षण बल और अणुओं द्वारा घेरे गये आयतन के दोष को ध्यान में रखकर, आदर्श गैस समीकरण में कुछ संशोधन करके नया (1873) समीकरण बनाया, जिसे **वाण्डर वाल्स समीकरण** कहते हैं। ये संशोधन हैं

(i) आयतन में संशोधन (ii) दाब में संशोधन

(2) वाण्डर वाल्स समीकरण का वास्तविक गैसों द्वारा ताप और दाब की विस्तृत सीमा पर पालन किया जाता है। इसलिए इस समीकरण को वास्तविक गैसों का अवस्था समीकरण कहते हैं ।

(3) गैस के $n$ मोलों के लिए वाण्डर वाल्स समीकरण है,

$$\underbrace{\left(P + \frac{n^2 a}{V^2}\right)}_{\text{आण्विक आकर्षण के लिये दाब संशोधन}} \underbrace{[V - nb]}_{\text{नियत आकार के अणुओं के लिये आयतन संशोधन}} = nRT$$

$a$ और $b$ वाण्डर वाल नियतांक हैं जिनका मान गैस की प्रकृति पर निर्भर करता है, सामान्यतः गैस के लिए $a >> b$.

(i) ***नियतांक a*** : यह अणुओं के बीच आकर्षण बलों का अप्रत्यक्ष मापक है, यदि इसका मान अधिक होगा तो गैस का आसानी से द्रवीकरण किया जा सकता है अतः आसानी से द्रवीकृत होने वाली गैसों (जैसे $SO_2 > NH_3 > H_2S > CO_2$) में इसका मान, स्थायी गैसों ($N_2 > O_2 > H_2 > He$) की तुलना में अधिक होता है।

'$a$' की इकाई : $atm. L^2\ mol^{-2}$ या $atm. m^6\ mol^{-2}$

या $N m^4\ mol^{-2}$ (S.I. इकाई).

(ii) ***नियतांक b*** : इसे सह आयतन नियतांक भी कहते हैं।

$$b = 4N_0 V = 4N_0\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right)$$

इसका मान गैस अणुओं के निश्चित आकार को प्रदर्शित करता है, $b$ का मान अधिक होने पर अणु का आकार अधिक और इसका संपीड्य आयतन कम होता है। $b$ गैस अणुओं के आयतन का प्रभावी मान होता है किसी भी गैस के लिए $b$ का स्थिर मान, ताप और दाब की विस्तृत सीमा पर गैस अणुओं की असंपीड्यता को प्रदर्शित करता है।

'$b$' की इकाई : $L\ mol^{-1}$ या $m^3\ mol^{-1}$ (S.I. इकाई)

(iii) दोनों वाण्डर वाल्स नियतांक और बॉयल तापक्रम $(T_B)$ आपस में निम्न प्रकार से सम्बन्धित होते हैं,

$$T_B = \frac{a}{bR}$$

(4) **अलग–अलग ताप व दाब पर वाण्डर वाल्स समीकरण**

(i) ***जब गैस के एक मोल के लिए दाब बहुत कम हो,***

$$\left(P + \frac{a}{V^2}\right)(V - b) = RT \text{ या } PV = RT - \frac{a}{V} + Pb + \frac{ab}{V^2}$$

(ii) ***जब गैस के एक मोल के लिए दाब बहुत अधिक हो***

$$PV = RT + Pb\ ;\ \frac{PV}{RT} = 1 + \frac{Pb}{RT} \text{ या } Z = 1 + \frac{Pb}{RT}$$

जहाँ $Z$ संपीड्यता गुणांक है।

(iii) ***जब गैस के एक मोल के लिए ताप बहुत अधिक हो***

$PV = RT$.

(iv) ***जब गैस के एक मोल के लिए दाब कम हो***

$$\left(P + \frac{a}{V^2}\right)(V - b) = RT \text{ या } PV = RT + Pb - \frac{a}{V} + \frac{ab}{V^2}$$

$$\text{या } \frac{PV}{RT} = 1 - \frac{a}{VRT} \text{ या } Z = 1 - \frac{a}{VRT}$$

(v) ***हाइड्रोजन के लिए*** : अन्तर-आण्विक आकर्षण के कम होने के कारण हाइड्रोजन की आण्विक मात्रा कम होती है, अतः इसका '$a$' मान कम होगा। अतः $\frac{a}{V}$ और $\frac{ab}{V^2}$ को हटा देते हैं और इस प्रकार वाण्डर वाल समीकरण का निम्न रूप प्राप्त होता है,

$$PV = RT + Pb \text{ या } \frac{PV}{RT} = 1 + \frac{Pb}{RT}$$

$$\text{या } Z = 1 + \frac{Pb}{RT}$$

हाइड्रोजन में हमेशा सम्पीड्यता गुणांक का मान 1 से अधिक होता है।

(5) **वाण्डर वाल्स समीकरण के लाभ**

(i) उच्च दाब पर वाण्डर वाल समीकरण वास्तविक गैसों के लिए सही परिणाम देती है।

(ii) यह समीकरण समतापीय प्रक्रम के झुकाव, जो कि $V$ के लिये $PV$ के $P$ के साथ विचलन को प्रदर्शित करता है, को स्पष्ट करता है।

(iii) वाण्डर वाल्स समीकरण की सहायता से, वाण्डर वाल नियतांक '$a$' और '$b$' के अर्थ में, बॉयल तापक्रम, क्रान्तिक स्थिरांक और प्रतिलोमन तापक्रम को समझाया जा सकता है।

(iv) वाण्डर वाल्स समीकरण पदार्थों की छोटी और उपयोगी समीकरण प्रस्तुत करता है इसका एक लाभ यह है कि सभी गैसों के लिये केवल एक ही वक्र बनाया जा सकता है। जो कि सभी परिवर्तनों का ग्राफीय निरूपण प्रदर्शित करता है।

(6) **वाण्डर वाल्स समीकरण की सीमायें**

(i) यह समीकरण अत्यधिक निम्न ताप और अत्यधिक उच्च दाब पर विचलन को प्रदर्शित करता है।

(ii) वाण्डर वाल नियतांक *a* और *b* ताप और दाब की निश्चित सीमा के ऊपर स्थिर नहीं रहता है। अतः यह समीकरण ताप और दाब की निश्चित सीमा पर ही सत्य होता है।

(7) **अवस्था के अन्य समीकरण** : वाण्डर वाल समीकरण के अलावा अवस्था के कुछ और समीकरण है जो गैसों के वास्तविक व्यवहार का वर्णन करते हैं,

(i) ***क्लॉसियस समीकरण*** : $\left[P+\frac{a}{T(V+c)^2}\right](V-b)=RT$

*a*, *b* और *R* के अलावा '*c*' भी एक नियतांक है।

(ii) ***बर्थलोट समीकरण*** : $\left(P+\frac{a}{TV^2}\right)(V-b)=RT$ .

(iii) ***वोहल समीकरण*** : $P=\frac{RT}{(V-b)}-\frac{a}{V(V-b)}+\frac{c}{V^2}$

(iv) ***डीटेरिसी समीकरण*** : $P=\frac{RT}{V-b}.e^{-a/RTV}$ .

यह समीकरण इस तथ्य पर आधारित है कि अणु पात्र की दीवार पर उच्च स्थितिज ऊर्जा रखता है।

(v) ***कैमरलिंग ऑन्स समीकरण*** *(Kammerlingh Onnes equation)* : यह दिये गये तापक्रम पर *P* की दक्षता की श्रेणी में *PV* के समीकरण का सामान्य और संतोषजनक रूप प्रस्तुत करता है।

$$PV=A+BP+CP^2+DP^3+......$$

यहाँ पर गुणांक *A*, *B*, *C* आदि प्रथम, द्वितीय और तृतीय वीरियल गुणांक को प्रदर्शित करते हैं।

(a) अलग अलग गैसों के लिए वीरियल (Virial coefficients) गुणांक अलग अलग होता है।

(b) बहुत निम्न दाब पर प्रथम वीरियल गुणांक (Virial coefficient) *A* = *RT* होता है।

(c) उच्च दाब पर दूसरे वीरियल गुणांक भी महत्वपूर्ण होते हैं।

## क्रान्तिक अवस्था (The critical state)

(1) प्रत्येक पदार्थ की वह अवस्था जिस पर वाष्प और द्रव अवस्था की पहचान असम्भव हो जाती है ***क्रान्तिक अवस्था*** कहलाती है, इसे क्रान्तिक ताप और क्रान्तिक दाब द्वारा परिभाषित किया जाता है।

(2) **क्रान्तिक ताप** (*T*) गैस का वह तापक्रम है जिसके ऊपर गैस को द्रवीकृत नहीं किया जा सकता, जबकि उच्च दाब लगाया जाता है, $T_c=\frac{8a}{27Rb}$

(3) **क्रान्तिक दाब** (*P*) वह न्यूनतम दाब है जिस पर गैसें द्रवीकृत हो जाती हैं जबकि यह क्रिया क्रान्तिक ताप पर होती है, $P_c=\frac{a}{27b^2}$

(4) **क्रान्तिक आयतन** (*V*) पदार्थ के एक मोल द्वारा घेरा गया आयतन है जबकि यह क्रान्तिक दाब व ताप पर होता है, $V_c=3b$

(5) **क्रान्तिक सम्पीडयता गुणांक** (*Z*) को निम्न प्रकार दिया जा सकता है, $Z_c=\frac{P_cV_c}{RT_c}=\frac{3}{8}=0.375$

यदि क्रान्तिक सम्पीड्यता गुणांक $(Z_c)$, 0.375 के बराबर होता है तो गैस वाण्डर वाल गैस के समान व्यवहार करती है। गैसीय अवस्था में पदार्थ यदि $T_c$ से नीचे तापक्रम पर होता है तो वह वाष्प और यदि $T_c$ से ऊँचे तापक्रम पर होता है तो वह **गैस** कहलाती है।

## गैसीय अणु के स्वतन्त्राता की कोटि
**(Degrees of freedom of a gaseous molecule)**

(1) परमाणुओं और अणुओं की गति को सामान्यतः स्वतन्त्रता की कोटि (degree of freedom) से बताया जाता है जो कि उनमें उपस्थित होती है।

(2) **अणु के स्वतन्त्रता की कोटि** (degrees of freedom) को अणुओं की अवस्था सम्बन्धी पैरामीटरों (parameters) द्वारा पूर्णतः समझाया जा सकता है।

(3) जब गैसीय अणु को गर्म किया जाता है तो जो ऊर्जा प्राप्त होती है उन से तीन प्रकार की गतियाँ होती है,

(i) रूपान्तरण गति (ii) घूर्णन गति (iii) कम्पन गति

जिन्हें रूपान्तरण, घूर्णन और कम्पन की स्वतन्त्रता की कोटि द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।

(4) एक अणु के लिए जो *N* परमाणुओं से बना है की स्वतन्त्रता की कुल कोटि (total degrees of freedom) = 3*N* होती है, इसे निम्न पदों में प्रदर्शित करते हैं,

| | रूपान्तरित | घूर्णन | कम्पन |
|---|---|---|---|
| रेखीय अणु के लिए : | 3 | 2 | 3*N* – 5 |
| अरेखीय अणु के लिए : | 3 | 3 | 3*N* – 6 |

## गैसों की विशिष्ट और मोलर ऊष्मा धारिता
**(Specific and Molar heat capacity of gases)**

(1) **fof'k"V Å"ek** ¼fof'k"V Å"ek /kkfjrk½ : यह 1 ग्राम पदार्थ की वह ऊष्मा है जो इसका ताप $1^oC$ बढ़ा देती है, यह हमेशा स्थिर दाब $(c_p)$ और स्थिर आयतन $(c_v)$ पर मापी जाती है इसे कैलोरी, जूल, किलोकैलोरी या किलो जूल में मापा जाता है।

(2) **मोलर ऊष्मा** (मोलर ऊष्मा धारिता) : यह 1 मोल पदार्थ की वह ऊष्मा है जो इसका ताप $1^oC$ बढ़ा देती है।

∴ मोलर ऊष्मा क्षमता = विशिष्ट ऊर्जा × आण्विक भार क्षमता,

$C_v=c_v\times M$ और $C_p=c_p\times M$ .

(3) इसलिए गैसों में ताप बढ़ने पर प्रसार करने का महत्वपूर्ण गुण पाया जाता है। यदि स्थिर दाब पर अतिरिक्त ऊष्मा जो कि पदार्थ का ताप $1^oC$ बढ़ा देती है, जबकि आयतन स्थिर होता है,

$C_p>C_v$ या $C_p=C_v+$ प्रसार में किया गया कार्य $P\Delta V(=R)$

जहाँ, $C_p=$ स्थिर दाब पर मोलर ऊष्मा क्षमता है।

$C_v=$ स्थिर आयतन पर मोलर ऊष्मा क्षमता है।

(4) **$C_p$ और $C_v$ के मध्य कुछ उपयोगी सम्बन्ध**

(i) $C_p-C_v=R=2$ कैलोरी $=8.314\,J$

(ii) $C_v=\frac{3}{2}R$ (एक परमाण्विक गैस के लिए) और $C_v=\frac{3}{2}+x$ (द्वि और बहुपरमाण्विक गैस के लिए), जहाँ *x* का मान गैसों के साथ परिवर्तित होता है।

(iii) $\frac{C_p}{C_v}=\gamma$ (मोलर क्षमताओं का अनुपात)

(iv) एक परमाणविक गैस के लिए, $C_v=3$ कैलोरी जहाँ, $C_p=C_v+R=5$ कैलोरी

(v) एक परमाण्विक गैस के लिए, $(\gamma)=\frac{C_p}{C_v}=\frac{\frac{5}{2}R}{\frac{3}{2}R}=1.66$ .

(vi) द्वि परमाण्विक गैस के लिए, $(\gamma)=\frac{C_p}{C_v}=\frac{\frac{7}{2}R}{\frac{5}{2}R}=1.40$

(vii) त्रि परमाण्विक गैस के लिए, $(\gamma)=\frac{C_p}{C_v}=\frac{8R}{6R}=1.33$

## गैसों का द्रवीकरण (Liquefication of gases)

(1) गैसें ठंडी होने पर व उच्च दाब के अनुप्रयोगों पर या आपस में संयोजन के प्रभाव द्वारा द्रव में बदल जाती हैं सर्वप्रथम फैराडे (1823) ने गैसों के द्रवीकरण के लिए सफल प्रयास किये।

(2) गैसें जिनमें अन्तराण्विक आकर्षण बहुत कम होता है जैसे $H_2$, $N_2$, $Ar$ और $O_2$, में $T_c$ का मान बहुत कम होता है, और इन्हें दाब के अनुप्रयोगों द्वारा द्रव में नहीं बदला जा सकता, इन्हें स्थायी गैसें (permanent gases) कहा जाता हैं, जबकि गैसें जिनमें अन्तर आण्विक आकर्षण अधिक होता है, जैसे ध्रुवीय अणु $NH_3$, $SO_2$ और $H_2O$ में $T_c$ का मान अधिक होता हैं, और इन्हें आसानी से द्रव अवस्था में बदला जा सकता है।

(3) **गैसों के द्रवीकरण की विधियाँ :** आधुनिक तरीकों के अनुसार गैसें जो कि $T_c$ या $T_c$ के नीचे ताप पर हैं, लिन्डे (Linde's) और क्लाउड (Cloude's) विधि द्वारा द्रवीकृत होती हैं।

(i) ***लिन्डे की विधि** (Linde's method)* : यह विधि ***जूल थॉमसन*** प्रभाव पर आधारित है इसके अनुसार एक गैस के जो कि समदाबी प्रसार प्रक्रम से गुजरती है और उच्च दाब से निम्न दाब की ओर प्रवाहित होती है, में शीतलन द्वारा द्रवीकरण होता है।

(ii) ***क्लाउडे की विधि** (Claude's method)* : यह विधि इस नियम पर आधारित है कि जब गैस समदाबीय प्रसार प्रक्रम से गुजरती है तब उस पर एक बाहरी दबाव (इन्जन में पिस्टन के समान) लगता है जिसकी वजह से उसे कुछ बाहरी कार्य करना पड़ता है, इसीलिए उसकी गतिज ऊर्जा के खर्च होने के कारण गैस का ताप घट जाता है।

(iii) रुद्धोष्मीय डीमैग्नेटाइजेशन द्वारा

(4) **गैसों के द्रवीकरण के उपयोग** (Uses of liquefied gases) : द्रवीकृत गैसों और उच्च दाब पर संपीड्य गैसों का उद्योगों में विस्तृत रूप से उपयोग होता है।

(i) द्रव अमोनिया और द्रव सल्फर-डाई-ऑक्साइड प्रशीतक की तरह उपयोग में लाये जाते हैं।

(ii) द्रव कार्बन-डाई-ऑक्साइड का उपयोग सोडा फाऊन्टेन में होता है।

(iii) द्रव क्लोरीन का उपयोग ब्लीचिंग और कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है।

(iv) रॉकेट्स, जेट वायुयानों एवं बमों में द्रव वायु का प्रयोग होता है जो ऑक्सीजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है ।

(v) सम्पीड़ित ऑक्सीजन का उपयोग बेल्डिंग आदि के लिए होता है।

(vi) संपीड्य हीलियम का उपयोग वायुयान आदि में किया जाता है।

(5) **जूल थॉमसन प्रभाव** (Joule-thomson effect) : जब एक वास्तविक गैस को एक छिद्रमय प्लग या एक सूक्ष्म छिद्र द्वारा कम दाब के क्षेत्र में रूद्धोष्म रूप से विस्तारित किया जाता है, तो ये गैसें ठंडी होने लगती हैं। ($H_2$ और $He$ को छोड़कर जो कि गर्म हो जाती हैं)

गैसों के ठंडा होने का कारण यह है, कि अन्तराण्विक आकर्षण बल को कम करने के लिए कुछ कार्य किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आंतरिक ऊर्जा घटती है और इसलिए ताप में भी कमी आती है।

आदर्श गैसें ठंडी या गर्म नहीं होती हैं, क्योंकि उनमें कोई अन्तराण्विक आकर्षण बल नहीं होता है, अर्थात् वे जूल थॉमसन प्रभाव नहीं दर्शाती है।

जूल थॉमसन प्रभाव के दौरान निकाय की एन्थैल्पी स्थिर रहती है।

जूल थॉमसन गुणांक $\mu=(\partial T/\partial P)_H$ . ठंडी करने के लिए, $\mu=+ve$ (क्योंकि $dT$ और $dP$, $-ve$ होंगें) गर्म करने के लिए, $\mu=-ve$ (क्योंकि $dT=+ve, dP=-ve$). न तो गर्म और न ही ठंडी करने के लिए $\mu=0$ (क्योंकि $dT=0$)

(6) **प्रतिलोमन ताप** (Inversion temperature) : यह वह ताप है, जिस पर गैसें न ही ठंडी होती हैं और न ही गर्म अर्थात् जूल थॉमसन गुणांक $\mu=0$ . इस ताप के नीचे गैसें ठंडी होती हैं तथा ऊपर गर्म होती हैं।

$H_2, He$ आदि के समान कोई गैस, जिसका प्रतिलोमन ताप निम्न है, कमरे के ताप पर गर्म होती है। जबकि, यदि इन गैसों को केवल प्रतिलोमन ताप के नीचे ठंडा करे और फिर इसे जूल-थॉमसन क्रिया से गुजारे तो ये भी ठंडी हो जायेंगी ।

## Tips & Tricks

- यदि S.T.P., पर अणुओं की संख्या 1 c.c. गैस अथवा वाष्प में उपस्थित हो तो इसे आइसोश्मिट संख्या कहते हैं। इसका मान $2.687 \times 10^{19}$ प्रति c.c. है।
- $CO_2 > SO_2 > SO_3 > PCl_3$ विसरण दर का क्रम है।
- वाष्प घनत्व तापमान से स्वतन्त्र होता है और इसकी कोई इकाई नहीं होती जबकि परम घनत्व ताप पर निर्भर करता है और इसकी इकाई ग्राम$^{-1}$ होती है।
- $CO_2$ के आइसोथर्म का अध्ययन सर्वप्रथम एण्ड्रयूज द्वारा किया गया ।
- 1 कैलोरी = 4.2 जूल, 1 किलो कैलोरी = 4200 जूल
- गैस जिसका न्यून औसत मुक्त पाथ होता है इसके $a$, का उच्च मान होता है और जो आसानी से द्रवित होती है एवं इसके $T_b$ का उच्च मान होता है।
- $T_c < T_b < T_i$
- क्रान्तिक नियतांकों के लिये, संपीड्य कारक $Z < 1$ होता है।
- बॉयल नियम एवं एवोगेड्रो का नियम सीमित परिस्थितियों में लागू होता है। यह सीमित परिस्थिति $P \to 0$ है।
- $T_c = 0.296\ T_b$ ; $T_i = 6.75\ T_c$
- औसत मुक्त पथ बढ़ता है यदि $H_2$ को $He$ द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाये।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

## गैसों के लाक्षणिक एवं मापक गुण

1. पदार्थ की तीनों अवस्थाओं ठोस, द्रव और गैस के सम्बन्ध में, निम्न में से कौन सा कथन असत्य है
   (a) ठोस के अणुओं में अत्यन्त कम ऊर्जा होती है, जबकि गैस के अणुओं की ऊर्जा उच्चतम होती है
   (b) ठोसों के घनत्व अधिकतम जबकि गैसों के घनत्व न्यूनतम होते हैं
   (c) गैस, द्रव के समान निश्चित आयतन रखती है
   (d) ठोस के अणुओं में कम्पन द्वारा गति पायी जाती है
2. वह ताप व दाब जिस पर द्रव, जल और जल वाष्प एक साथ अस्तित्व में होते हैं
   (a) $0^oC, 1\,atm$ (b) $2^oC, 4.7\,atm$
   (c) $0^oC, 4.7\,mm$ (d) $-2^oC, 4.7\,mm$
3. गैसीय अवस्था के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है
   (a) ऊष्मीय ऊर्जा = आण्विक आकर्षण
   (b) ऊष्मीय ऊर्जा >> आण्विक आकर्षण
   (c) ऊष्मीय ऊर्जा << आण्विक आकर्षण
   (d) आण्विक बल >> द्रवों में आकर्षण
4. निम्न में से किन अणुओं की गतिज ऊर्जा अधिकतम होती है
   (a) गैसों में (b) ठोसों में
   (c) द्रवों में (d) विलयनों में
5. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है
   (a) सभी तीनों अवस्थाओं में अणु अव्यवस्थित स्थानान्तरण गति रखते हैं
   (b) गैसें बिना द्रव अवस्था से गुजरे ठोसों में परिवर्तित नहीं हो सकतीं
   (c) श्यानता, द्रवों और गैसों का एक सामान्य गुण हैं
   (d) बॉयल के नियमानुसार स्थिर $T$ पर $V/P$ स्थिर रहता है
6. 1 $m^3$ आयतन बराबर होता है
   (a) $1000\,cm^3$ (b) $100\,cm^3$
   (c) $10\,dm^3$ (d) $10^6\,cm^3$
7. निम्न में से कौन सी इकाई दाब की नहीं है
   (a) न्यूटन (b) टॉर
   (c) पॉस्कल (d) बार
8. $1^oC$ ताप का बढ़ना बराबर होता है
   (a) $1^oF$ ताप बढ़ने के (b) $9/5^oF$ ताप बढ़ने के
   (c) $5/9^oF$ ताप बढ़ने के (d) $33^oF$ ताप बढ़ने के
9. निम्न में से कौन सा सम्बन्ध आयतन के प्रदर्शन के लिए असत्य है
   (a) $1L = 10^3\,ml$ (b) $1\,dm^3 = 1\,L$
   (c) $1\,L = 10^3 m^3$ (d) $1L = 10^3 cm^3$
10. 1 वायुमण्डलीय दाब आंकिक रूप से लगभग बराबर होता है।
   (a) $10^6$ डाइन सेमी $^{-2}$ (b) $10^2$ डाइन सेमी $^{-2}$
   (c) $10^4$ डाइन सेमी $^{-2}$ (d) $10^8$ डाइन सेमी $^{-2}$
11. $27^oC$ पर 2ग्राम $O_2$ और $760\,mm\,Hg$ के दाब का आयतन है [BCECE 2005]
   (a) 1.5 लीटर (b) 2.8 लीटर
   (c) 11.2 लीटर (d) 22.4 लीटर
12. पात्र में गैस के दाब को नापा जाता है
   (a) बेरोमीटर द्वारा (b) मेनोमीटर द्वारा
   (c) स्टेल्गोमीटर द्वारा (d) इन सभी के द्वारा
13. गैस का 1 वायुमण्डलीय दाब और $0^oC$ ताप पर आयतन $V\,mL$ है तो 273 $K$ पर इसका आयतन होगा [Bihar MADT 1982]
   (a) $V\,ml$ (b) $V/2\,ml$
   (c) $2\,V$ (d) इनमें से कोई नहीं
14. निम्न में से कौनसा कथन गैसों के लिए असत्य है [CBSE PMT 1999]
   (a) गैसों की निश्चित आकृति और आयतन नहीं होता है
   (b) गैस का आयतन पात्र के आयतन के बराबर होता है, जिसमें गैस भरी है
   (c) गैस पात्र की दीवारों पर सभी दिशाओं में एक समान दबाव डालती है
   (d) गैस का भार उस पात्र को तोलकर ज्ञात नहीं किया जा सकता जिसके अन्दर गैस भरी है
15. निम्नलिखित में से कौन सबसे कम अन्तर आण्विक बल को प्रदर्शित करता है [AIIMS 2000]
   (a) $NH_3$ (b) $HCl$
   (c) $He$ (d) $H_2O$
16. एक लीटर के फ्लास्क में $100\,kPa$ दाब पर $N_2$ और तीन लीटर के फ्लास्क में $320\,kPa$ दाब पर $O_2$ पायी जाती है। यदि दो फ्लास्कों को जोड़ दिया जाये तो परिणामी दाब होगा [Kerala PMT 2004]
   (a) 310 $kPa$ (b) 210 $kPa$
   (c) 420 $kPa$ (d) 365 $kPa$
   (e) 265 $kPa$

## आदर्श गैस समीकरण एवं संबंधित गैस नियम

1. यदि $P, V, T$ गैस के दाब, आयतन और ताप को प्रदर्शित करते हैं, बॉयल के नियमानुसार सही है [BIT Ranchi 1988]
   (a) $V \propto \frac{1}{T}$ (स्थिर दाब $P$ पर) (b) $PV = RT$
   (c) $V \propto 1/P$ (स्थिर T पर) (d) $PV = nRT$
2. स्थिर ताप पर, आदर्श गैस के दिये गये भार में [CBSE PMT 1991]
   (a) दाब और आयतन का अनुपात हमेशा स्थिर रहता है
   (b) आयतन हमेशा स्थिर रहता है
   (c) दाब हमेशा स्थिर रहता है
   (d) दाब और आयतन का गुणनफल हमेशा स्थिर रहता है
3. समुद्री स्तर पर हवा भारी होती है, यह प्रायोगिक अनुप्रयोग है [Kerala CEE 2000]

(a) बॉयल के नियम का (b) चार्ल्स के नियम का

(c) ऐवोगैड्रो के नियम का (d) डॉल्टन के नियम का

**4.** यदि 1 वायुमण्डलीय दाब पर 20 $cm^3$ गैस, 50 $cm^3$ तक फैलती है, जबकि $T$ स्थिर है, तब उसका अंतिम दाब होगा [CPMT 1988]

(a) $20\times\frac{1}{50}$ (b) $50\times\frac{1}{20}$

(c) $1\times\frac{1}{20}\times 50$ (d) इनमें से कोई नहीं

**5.** निम्न में से कौन सा कथन असत्य है [BHU 1994]

(a) दाब और आयतन का गुणनफल, गैस की निश्चित मात्रा के लिये तापक्रम से स्वतन्त्र होता है

(b) दिये गये तापक्रम पर अलग-अलग गैस के अणुओं की K.E. समान होती है

(c) उच्च दाब और निम्न तापक्रम पर गैस समीकरण मान्य नहीं होता है

(d) प्रत्येक अणु का गैस नियतांक, बोल्ट्जमैन नियतांक कहलाता है

**6.** निम्न में से कौन सा वक्र बॉयल नियम को दर्शाता है

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


**7.** दो गैसों के घनत्व 1 : 2 के अनुपात में हैं और उनके तापक्रम 2 : 1, के अनुपात में हैं, तब उनके दाबों का अनुपात होगा [BHU 2000]

(a) 1 : 1 (b) 1 : 2

(c) 2 : 1 (d) 4 : 1

**8.** स्थिर दाब पर आदर्श गैस की निश्चित मात्रा का आयतन समानुपाती होता है [EAMCET 1985]

